अफीम के आदि लोगों को अफीम की सप्लाई

3639. **श्री धन्नासिंह गुलशन :** क्या वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अफीम का सेवन करने वाले व्यक्तियों की संख्या बहुत है और खासकर पंजाब में ;

(ख) क्या अफीम की तस्करी रोकने के लिए अफीम के आदी व्यक्तियों को कानूनी और आसान तरीकों से अफीम उपलब्ध कराने का सरकार का विचार है ;

(ग) क्या सरकार का विचार पहले की तरह ठेके से अफीम बेचने का है जिससे सरकार को आय हो सके ; और

(घ) यदि हां, तो कब से ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल): (क) सरकार के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार पंजाब सहित, देश में अफीम का सेवन करने वाले पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या बहुत अधिक नहीं है । 1961 में सम्पूर्ण भारत में अफीम के आदी पंजीकृत व्यक्तियों की कुल संख्या 1,74,556 थी, जिसमें से पंजाब में 13,498 व्यक्ति थे । वर्ष 1976 में सम्पूर्ण भारत के लिए पंजीकृत अफीम के आदी व्यक्तियों की कुल संख्या 66,876 है, जिसमें से पंजाब में केवल 993 व्यक्ति हैं ।

(ख) अफीम के आदी पंजीकृत व्यक्तियों को डाक्टरी आधार पर जिला खजानों के जरिये अफीम सप्लाई करने की व्यवस्था पहले ही विद्यमान है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में कालीन उद्योग

3640. **श्री सुरेन्द्र विक्रम :** क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में कालीन उद्योग को बढ़ावा देने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है तथा कालीन बनाने वालों को क्या सहूलियतें दी जा रही हैं ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : बड़े पैमाने पर बढ़िया क्वालिटी के कालीनों के उत्पादन के लिए उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में कालीन बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाता है । कालीन विनिर्माताओं को कालीनों के निर्यात के लिए नकद प्रोत्साहन के अलावा उदार ऋण तथा तकनीकी जानकारी जैसी सुविधायें भी दी जाती हैं ।

Purchasing Power of Rupee

3641. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Will the Minister of FINANCE AND REVENUE AND BANKING be pleased to state:

(a) the present purchasing power of rupee as compared to 1950;

(b) whether any measures to increase the purchasing power of rupee are under Government's consideration; and

(c) if so, the facts thereof?

THE MINISTER OF FINANCE AND REVENUE AND BANKING (SHRI H. M. PATEL): (a). The purchasing power of the Rupee in May 1977, as measured by the All India Industrial Workers' Consumer Price Index (base shifted to 1950-100) works out to 26.18 paise.